# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर श्रीडूगरगढ़ जिला बीकानेर (राज.)

पीठासीन अधिकारी :— श्री रामरख मीना RAS

प्रकरण संख्या:— 07/2019 दायर दिनांक :—21.01.2019

1. शेराराम पुत्र पनाराम जाति मेघवाल निवासी कीतासर भाटियान तहसील श्रीडूगरगढ़ जिला बीकानेर
2. हनुमानाराम पत्र ईशराराम जाति मेघवाल ढढेरू गोदारान तहसील बीदासर जिला चूरू

—वादीगण—

—:बनाम:—

1. मदनलाल पुत्र तनाराम
2. कानाराम
3. राजूराम
4. सत्यनारायण
5. सुरजाराम
6. कमला
7. विधा
8. विमला

(क्रमांक 2 से 8) पुत्र/पुत्रिया बालाराम

9. हनुमानाराम
10. तोलूराम
11. बनारसी
12. इन्द्रा

(क्रमांक 9 से 12) पुत्र/पुत्रीयां सुन्दरदेवी

13. राजू
14. नानू
15. साऊ

(क्रमांक 14 से 15) पुत्रीयां मालाराम

16. पप्पूराम
17. राजूराम
18. पुनम

(क्रमांक 16 से 18) पुत्र/पुत्रिया हीराराम

(क्रमांक 1 से 18) जाति ढोली निवासी कीतासर बीदावतान तहसील श्रीडूगरगढ़ जिला बीकानेर

19. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व, श्रीडूंगरगढ़
20. उप पंजीयक श्रीडूगरगढ़

—प्रतिवादीगण—

दावा बाबत विभाजन एवं स्थायीनिषेधाज्ञा
अन्तर्गत आर.टी.एक्ट 1955 धारा 53, 188

उपस्थित:—
1. श्री राजूराम बाना अभिभाषक वादी
2. प्रतिवादीगण इकतरफा

## निर्णय दिनांक :—22.05.2019

वादी द्वारा प्रस्तुत वाद का संक्षिप्त में विवरण इस प्रकार है कि वादीगण एवं प्रतिवादीगण के संयुक्त खातेदारी के खेत खसरा नम्बर 121 तादादी 10.6200 हैक्टेयर रोही कीतासर बीदावतान तहसील श्रीडूंगरगढ़ में स्थित है। जिनमें वादी संख्या 1 का 4.7790 हैक्टेयर व वादी संख्या 2 का 2.3895 हैक्टेयर अवस्थित है। वादगत खेत खसरा नम्बर 121 तादादी 10.6200 हैक्टेयर रोही कीतासर बीदावतान में से दक्षिणी पश्चिमी तरफ की 7.1685 हैक्टेयर भूमि पर कब्जा—काश्त व उपयोग—उपभोग वादीगण का लगातार चला आ रहा है तथा खसरा नंबर 121 तादादी 10.6200 हैक्टेयर में से 3.4515 हैक्टेयर उतरी पूर्वी तरफ प्रतिवादी संख्या 1 ता 18 का कब्जा—काश्त एवं उपयोग उपभोग चला आ रहा है। वादीगण के उक्त खेत आपसी मौखिक विभाजन में हिस्से पाती में आये हुए है तब से लगातार वादीगण के खसरा नम्बर 121 तादादी 10.6200 हैक्टेयर में से 7.1685 हैक्टेयर दक्षिणी पश्चिमी रोही मौजा कीतासर बीदावतान की भूमि पर तथा प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 18 का खसरा नंबर 121 तादादी 10.6200 हैक्टेयर में से 3.4215 हैक्टेयर उतरी पूर्वी तरफ रोही मौजा कीतासर बीदावतान पर कब्जा—काश्त एवं उपयोग उपभोग शान्तिपूर्वक चला आ रहा है। संयुक्त खातेदारान के आपस में वादीगण के खसरा नम्बर 121 तादादी 10.6200 हैक्टेयर में से 7.1685 हैक्टेयर दक्षिणी पश्चिमी रोही मौजा कीतासर बीदावतान की भूमि पर तथा प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 18 का खसरा नंबर 121 तादादी 10.6200 हैक्टेयर में से 3.4215 हैक्टेयर उतरी पूर्वी तरफ रोही मौजा कीतासर बीदावतान की भूमि हिस्से पांती में आये हुए है। वादीगण उक्त खसरा नम्बर 121 तादादी 10.6200 हैक्टेयर रोही कीतासर बीदावतान तहसील श्रीडूंगरगढ़ में स्थित अपने हिस्से की भूमि का विभाजन करवाना चाहते है एवं इसी अनुसार वादीगण ने अपनी खातेदारी हिस्सा की कब्जा—काश्त की भूमि पर सुधार कार्य करवाकर उपजाऊ बना रखी है। तथा मेढ़ कर रखी

---2

उपखण्ड अधिकारी श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर)

Scanned by CamScanner

है परन्तु भूमि का विधिवत् रूप से विभाजन नहीं होने के कारण वादीगण को अपने हिस्से की कृषि भूमि से सम्बधित हर तरह कार्य करवाने एवं बैंक से ऋण लेने में कई तरीके की कठिनाई आती है। वादीगण ने प्रतिवादीगण से वादगत खेत का विभाजन बाबत निवेदन किया तो प्रतिवादीगण ने विभाजन करवाने से दिनांक 12.01.2019 को स्पष्ट इनकार कर दिया।

अतः दावा प्रस्तुत कर श्रीमान्जी से निवेदन है कि बहक वादीगण खिलाफ प्रतिवादीगण निम्न आशय की डिक्री आज्ञप्त फरमाई जावे :– कि वादीगण को खसरा नम्बर 121 तादादी 10.6200 हैक्टेयर में से 7.1685 हैक्टेयर दक्षिणी पश्चिमी तरफ रोही मौजा कीतासर बीदावतान का अलग से खाता विभाजन किया जावे व तदनुसार ही राजस्व रिकार्ड व राजस्व अक्स में तरमीम किया जावे।

वाद दर्ज रजिस्टर कर नोटिस जारी किये गये। प्रतिवादीगण की विधिवत् तामिल होने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नही होने के कारण प्रतिवादीगण के विरूद्व इकतरफा कार्यवाही अमल में लायी गई। प्रतिवादीगण न्यायालय में हाजिर नही होने के कारण उक्त दावा में मौके कब्जे के अनुसार विभाजन प्रस्ताव हेतु तहसीलदार श्रीडूगरगढ़ को लिखा गया।

तहसीलदार श्रीडूगरगढ़ द्वारा मौके कब्जे के अनुसार विभाजन प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया गया। विभाजन प्रस्ताव में वादी एवं प्रतिवादीगण सभी के अलग अलग सीमा कायम की हुई दर्शायी हुई है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। तहसीलदार श्रीडूगरगढ़ द्वारा प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव अनुसार विभाजन किया जाना उचित है।

अतः तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव के अनुसार खसरा नम्बर 121 तादादी 10.6200 हैक्टेयर रोही मौजा कीतासर बीदावतान का विभाजन निम्न प्रकार से किया जाता है :–

| क्र.सं. | नाम खातेदार | खसरा नम्बर | तादादी | किस्म | लगान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शेराराम पुत्र पन्नाराम जाति मेघवाल साकिन कीतासर भाटियान खातेदार | 121 मीन दक्षिणी | 4.7790 हैक्टेयर | बारानी | 4.78 |
| 2. | हनुमानाराम पुत्र ईशरराम जाति मेघवाल साकिन ढढेरू तहसील बीदासर जिला चूरू खातेदार | 121 मीन उतरी पश्चिमी | 2.3895 हैक्टेयर | बारानी | 2.39 |
| 3. | मदनलाल पुत्र तनाराम 23895/34515 हिस्सा, कानाराम राजूराम सत्यनारायण सुरजाराम कमला विधा विमला पुत्र/पुत्रिया बालाराम 5310/34515 ब.हि.ब. हिस्सा, हनुमानाराम तोलूराम बनारसी इन्द्रा राजू पुत्र/पुत्रियां सुन्दरदेवी 1659/34515 ब.हि.ब. हिस्सा, नानू 1660/34515 हिस्सा साऊ 332/34515 हिस्सा पुत्रिया मालाराम, पप्पूराम राजूराम पुनम पुत्र/पुत्री हीराराम 1659/34515 ब.हि.ब. हिस्सा जाति ढोली साकिन देह खातेदार | 121 मीन उतरी पूर्वी | 3.4515 हैक्टेयर | बारानी | 3.45 |
| | कुल | 3 | 10.6200 हैक्टेयर | बारानी | 10.62 |

विभाजन प्रस्ताव के सलग्न नक्शा डिक्री का भाग रहेगा।
अंतिम डिक्री जारी हों ।
आज दिनांक 22.05.2019 को निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(रामरख मीना RAS)
उपखण्ड अधिकारी,
श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर(राज.)
उपखण्ड अधिकारी
श्रीडूँगरगढ (बीकानेर)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीडूँगरगढ (बीकानेर)

Scanned by CamScanner